प्रेषक,

निदेशक,
राज्य पोषण मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।

पत्रांक c-955 /रा0पो0मि0/स्व0बा0प्रति0-पोषण माह/2022-23 दिनांकः 12 सितम्बर, 2022

**विषयः-दिनॉक 22.09.2022 को सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वस्थ्य बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया**

कृपया उपर्युक्त विषयक सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार अनुभाग उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 64/2022/भा0स0-248/58-1-2022-2/1(37)18 दिनॉक 30 अगस्त 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से 01 से 30 सितम्बर 2022 तक राष्ट्रीय पोषण माह आयोजित किये जाने के विस्तृत निर्देश दिये गये है। पोषण माह के अन्तर्गत **स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता (स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से)**- का आयोजन एक प्रमुख गतिविधि है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के पत्र संख्या पी0ए0/175/2021/यू0एस0(एम0के0एस0) दिनांक 20 अगस्त, 2022 एंव संख्या-पी0ए0/121/2022-डी0एस0(e-99773) दिनॉक 31.08.2022 द्वारा पोषण माह के अन्तर्गत स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता के आयोजन के निर्देश दिये गये है।

**दिनॉक 22.09.2022** को समस्त बाल विकास परियोजना कार्यालय व समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य सुपोषित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करना है, इसकी सफलता में स्वास्थ्य विभाग, ग्राम प्रधान व पोषण पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है, इस सम्बन्ध में शासनादेश दिनॉक 30.08.2022 में विस्तृत उल्लेख है। इस गतिविधि के आयोजन में निम्नवत् कार्यवाही अपेक्षित हैः-

1. इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य 5 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना, पोषण की महत्ता पर जागरूकता बढ़ाना तथा एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाना।
2. ऑगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा इस सम्बन्ध में बच्चों के अभिभावकों/परिवारिक सदस्यों को जागरूक किया जायेगा तथा प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया जायेगा।
3. ग्राम प्रधान/पंचायत सदस्यों के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व के सम्बन्ध में जागरूकता लायी जायेगी।
4. स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जायेगा।
5. ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर साफ-सफाई रखी जायेगी।
6. सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर ग्रोथ मॉनेटरिंग डिवाइस, ग्रोथ चार्ट तथा कम्यूनिटी ग्रोथ चार्ट की उपलब्ध सुनिश्चित करायी जायेगी।
7. सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का वजन लेने के पश्चात् वजन, लम्बाई एवं ऊॅचाई की फीडिंग पोषण ट्रैकर पर की जायेगी।
8. सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के टीकाकरण व अनुपूरक पोषाहार प्राप्त करने सम्बन्धित अभिलेख रक्षित किये जायेगें।
9. स्वास्थ्य बालक बालिका स्पर्धा के आयोजन में स्थानीय संस्थाओं स्वयं सहायता समूहों, शैक्षणिक संस्थाएॅ, यूथ क्लब, लायन्स क्लब, रोटरी क्लब, आशा, ए0एन0एम0, आई0एम0ए0 आदि का सहयोग लिया जायेगा।
10. इस स्पर्धा को एक त्योहार/उत्सव के रूप में मनाया जायेगा तथा समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक जागरूकता लायी जायेगी।
11. स्वास्थ्य बालक बालिका स्पर्धा के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी प्राप्त की जायेगी।

स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता के आयोजन पश्चात् जो बच्चे स्वस्थ व सुपोषित होगें तथा जिनको पूर्व निर्धारित सेवायें मिली हैं उनको पुरस्कृत किया जायेगा। शासनादेश दिनॉक 30.08.2022 के कम में पुरस्कार हेतु स्वस्थ बालका बालिका चयनित किये जाने के मानक निम्नवत होगें-

| संख्या | मानक | अंक |
|---|---|---|
| 1 | मासिक वृद्वि निगरानी | 5 |
| 2 | व्यक्तिगत स्वच्छता– साफ हाथ, नाखून काटाना | 10 |
| 3 | पोषण श्रेणी (उंचाई/लंबाई के सापेक्ष वजन)– जो लगातार सामान्य श्रेणी मे हो अथवा सैम से मैम या फिर मैम से सामान्य श्रेणी में आये हों। | 10 |
| 4 | आहार की स्थिति<br>• 0–6 माह तक केवल स्तनपान<br>• 6 माह से 3 वर्ष– प्राप्त होने वाले अनुपूरक पुष्टाहार का नियमित सेवन<br>• 3–5 वर्ष के बच्चे– प्राप्त होने वाले अनुपूरक पुष्टाहार का नियमित सेवन तथा आंगनबाड़ी केन्द्र पर उपस्थिति | 10 अंक (आयु अनुसार) |
| 5 | आयु आधारित टीकाकरण | 10 |
| 6 | डीवर्मिंग | 5 |
| | **कुल** | **50** |

जिस बच्चे को पुरस्कृत किया जाना है उसका चयन करने के लिये निम्न सदस्यों को ग्राम स्तर पर नामित किया जा सकता है –

1. कार्यकत्री/सहायिका
2. पोषण पंचायत के सदस्य
3. ग्राम सभा के प्रतिनिधि
4. ए0एन0एम0/आशा
5. स्थानीय शिक्षक

स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता के पश्चात् ग्राम पंचायत स्तर पर दिनॉक 2 अक्टूबर 2022 को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की रैकिंग प्रथम, द्वितीय, तृतीय के रूप में की जायेगी तथा बच्चों की माता–पिता (विशेष कर माताओं को) प्रमाण–पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा। प्रतियोगिता में स्वस्थ पाये गये बच्चों को उनकी रैकिंग के अनुसार ऑगनबाड़ी केन्द्र/स्थानीय स्तर पर निर्मित खिलौने आदि पुरस्कार के रूप में दिये जायेगें।

अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने कुशल मार्गदर्शन में **दिनॉक 22.09.2022** को उपरोक्तानुसार समस्त बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का सफल आयोजन कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः– यथोक्त।

भवदीय,

12/09/2022

**(कपिल सिंह)**
निदेशक

पृष्ठांकन संख्याः /तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
2. सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उ0प्र0, शासन।
3. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।
4. अधिशाषी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0।
5. मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन, उ0प्र0।
6. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त जिला कार्यकम अधिकारी, उ0प्र0 को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।
9. डॉ0 रिचा एस0 पाण्डेय पोषण विशेषज्ञ यूनीसेफ।
10. राज्य प्रतिनिधि एलाइव एण्ड थ्राइव, वर्ड विजन, पीरामल व न्यूट्रीशन इन्टरनेशनल को जनपद स्तरीय सहयोग प्रदान करने हेतु।
11. कार्यालय प्रति।

**(कपिल सिंह)**
निदेशक